वर्ष 28 अंक 323
पृष्ठ 18
बरेली, गुरुवार
3 अगस्त 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

PAGE NO.8: RIGHT TOP

स्तनपान से जुड़ी भ्रांतियों पर किया मंथन

बरेली : भोजीपुरा स्थित श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में बुधवार को विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इसके तहत स्तनपान से जुड़ी हुई भ्रांतियों एवं सवालों के निवारण को मंथन किया गया। पैनल डिस्कशन में संस्थान के बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा. पीएल प्रसाद विभागाध्यक्ष, कम्युनिटी मेडिसिन के डा. एसबी गुप्ता, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा. जेके गोयल शामिल हुए। उन्होंने आम जनता, नर्सिंग स्टूडेंट्स एवं जूनियर डाक्टरों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए। संचालन सहायक प्राध्यापक डा रूचिका भटनागर ने किया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. (ब्रि.) एसके हांडा, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचओ अग्रवाल, डा. आइए खान समेत विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व अन्य मौजूद रहे।